NOTICE REGARDING SPECIAL BOARD EXAMINATION

(18.08.2021)

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि UGC guidelines के अनुसार सभी रिअपीयर्स को कैरी फॉरवर्ड किया गया था। और कोरोना महामारी की सामान्य परिस्थितियों में जब भी परीक्षा कराना सम्भव होगा, तब विद्यार्थियों द्वारा रिअपीयर्स को परीक्षा के माध्यम से ही पास करना अनिवार्य है। **इसलिए विद्यार्थियों के हित एवं अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए बोर्ड द्वारा दिनांक 17.09.2021 (Tentative) से स्पेशल परीक्षा ऑफलाइन मोड में कराने का निर्णय लिया है** जिसके मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार हैं:

1. जिन छात्रों ने रिअपीयर के पीसीए/एग्जाम फॉर्म भरे थे, उनकी परीक्षा लगभग 17 सितंबर, 2021 से ऑफलाइन मोड में करवाई जायेगी तथा उन्हें दोबारा से पीसीए/एग्जाम फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है।
2. यदि कोई छात्र अभी करवाए गए टर्मिनल सेमेस्टर अथवा प्रथम और द्वितीय वर्ष फार्मेसी की परीक्षा में किसी भी कारण अपीयर नहीं हो पाए या वह पीसीए फॉर्म नहीं भर पाए थे, वह पीसीए फॉर्म (Along with applicable Exam Fee) सही से भरकर सितंबर एग्जाम में अपीयर हो सकते हैं।
3. इसके अतिरिक्त अभी करवायी गयी टर्मिनल सेमेस्टर अथवा प्रथम और द्वितीय वर्ष फार्मेसी की परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद यदि कोई छात्र किसी भी विषय में फेल होता है तो उसे भी दोबारा अवसर दिया जा रहा है तथा वह भी पीसीए फॉर्म (एग्जाम फीस के साथ) भरकर सितंबर परीक्षा में अपीयर हो सकते हैं।
4. जैसा पहले सूचित किया जा चुका है कि प्रथम वर्ष और 4th सेमेस्टर के छात्रों को UGC फार्मूला के अनुसार प्रमोट किया जा रहा है, उनका रिजल्ट शीघ्र घोषित किया जाएगा। परंतु इस रिजल्ट में यदि छात्र किसी विषय में फेल होता है या किसी कारण वश वह पीसीए फॉर्म नहीं भर पाए थे, तो वो भी पीसीए/एग्जाम फॉर्म (एग्जाम फीस के साथ) भरकर सितंबर परीक्षा में अपीयर हो सकता है।
5. वे छात्र जो बोर्ड के नियम अनुसार दोगुनी अवधि में अपना डिप्लोमा पूर्ण नहीं कर पाए, उन्हें भी मर्सी चांस **(Mercy Chance)** का अवसर दिया जा रहा है जिसके लिए वह पीसीए फॉर्म भरकर परीक्षा फीस रू0 1000 प्रति सब्जेक्ट के साथ अपने संस्थान में जमा कराएं।

उपरोक्त अनुसार सभी छात्रों को हिदायत दी जाती है कि वह अभी से अपना पीसीए/एग्जाम फॉर्म भरकर परीक्षा फीस के साथ अपने संस्थान में जमा करवाएं तथा जिन छात्रों का अभी रिजल्ट आना है वह रिजल्ट घोषित होने के तुरंत बाद अपना पीसीए फॉर्म संस्थान में जमा करवाएं। समय की कमी को देखते हुए सभी संस्थानों को पीसीए/एग्जाम फॉर्म बोर्ड के पोर्टल पर अपलोड करने के लिए **केवल 3 दिन का ही समय दिया जाएगा** और इसलिए छात्र किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करते हुए शीघ्र से शीघ्र अपना एग्जामिनेशन फॉर्म एंव फीस अपने संस्थान में अभी से जमा करना शुरू कर दें। **बाद में लेट फीस के साथ पीसीए/एग्जाम फॉर्म भरने का कोई भी अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा।**